कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक 29.01.2019

गर्ल्स कॉलेज में
'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की रही धूम'

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग का वार्षिक स्नेह सम्मेलन शहर विधायक श्री अरूण वोरा के मुख्य आतिथ्य एवं भिलाई नगर के विधायक एवं महापौर श्री देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

इस वर्ष का स्नेह सम्मेलन 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि अरूण वोरा ने कहा कि कन्या शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय की अलग पहचान है। यहाँ की छात्राओं ने पढ़ाई–खेलकूद के क्षेत्र में शहर का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय के विकास में कोई कमी नहीं आयेगी हम सब मिलकर इसके लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

उन्होनें कहा कि जिस लक्ष्य तक हम जाना चाहते है उसे पूरा करें और अपने माता–पिता और महाविद्यालय का गौरव बढ़ायें।

कार्यक्रम के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्राएँ राष्ट्रशक्ति का प्रतीक है। युवा वर्ग ही देश के विकास का मूल है। शासन की विभिन्न योजनाएँ विशेषकर युवा वर्ग के लिए बनायी जा रही है जिसके लिए युवा वर्ग को संकल्पित होना है कि वे नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में आगे आएगें। हमारा देश विकासशील से विकसित तभी होगा जब महिला शक्ति प्रधान होगी।

कन्या महाविद्यालय के विकास के लिए शासन स्तर पर सभी सार्थक प्रयास होगें और यह महाविद्यालय पूरे प्रदेश का गौरव रहेगा।

प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होनें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और क्रीड़ा के क्षेत्र में महाविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए विज्ञान प्रयोगशाला भवन की महती आवश्यकता बतलाई।

छात्रसंघ अध्यक्ष कु. तबस्सुम ने भी अपनी बात रखते हुए अतिथि द्वय से महाविद्यालय की कुछ समस्याओं के निदान का अनुरोध किया।

कु. तबस्सुम ने महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी तथा मूर्तिकला पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक संबद्धता प्रदान नहीं किए जाने का जिक्र किया।

इस अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रावीण्यता पदक एवं प्रमाणपत्र से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

क्रीड़ा के क्षेत्र में कु. मेघा सिंह को शहीद कौशल यादव खेल अलंकरण मिलने पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये कु. रूचि शर्मा, सांस्कृतिक में विभा कसेर, कैम्पस एम्बेसडर प्रज्ञा मिश्रा, यूथ रेडक्रॉस हेतु कु. वेदिका देवांगन को सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. के.एल. राठी एवं डॉ. निसरीन हुसैन की किताबों का विमोचन किया गया।

छात्रसंघ की गतिविधियों पर प्रकाशित 'हमर कॉलेज' पत्रिका का भी विमोचन हुआ।

कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ प्रभारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने देर शाम तक शमा बांधे रखा। अर्पणाशास्त्री की भरतनाट्यम प्रस्तुति देवी स्तुति तथा विभा कसेर और भारती साहू की प्रस्तुति अर्धनारीश्वर से कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

ज्योति साहू के समूह ने तोर मया के मारे समूह नृत्य ने खूब तालियाँ बटोरी वहीं 'वतन है हमारा' और मोह–मोह के धागे गीतों ने भी खूब शमा बांधा।

डिकेश्वरी राजपूत और माधुरी नायक के सामयिक एकल अभिनय ने बेहतर प्रस्तुति दी।

हर्षा सहारे और गरिमा साहू तथा प्रीति वर्मा, भजंति नायक के समूह नृत्य की खूब तारीफ हुई, पायल, पिंकी की कॉमेडी फ्यूजन ने खूब हंसाया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लंबी श्रृंख्ला रहीं अंत में भांगडा ने सभी छात्राओं को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

अंत में छात्रसंघ के पदाधिकारियों ने आभार प्रदर्शन किया।

S.2~

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की रही धूम'

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़